भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3530

24 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

उत्तराखंड में आयुष आधारित स्वास्थ्य पर्यटन

3530. श्री महेंद्र भट्ट:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आयुष आधारित स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड में कौन-कौन सी परियोजनाएं चल रही हैं; और

(ख) उक्त परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के कितने अवसर सृजित हुए हैं?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): आयुष विभाग, उत्तराखंड सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, उत्तराखंड में आयोजित निवेशक शिखर सम्मेलन 2023 के परिणामस्वरूप, राज्य में कुल 27 आयुष-आधारित स्वास्थ्य पर्यटन परियोजनाओं की परिकल्पना की गई है और उन्हें कार्यशील किया गया है। निवेशकों द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों के अनुसार, इन परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय युवाओं के लिए 1,285 रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

*****